**सूचना शाखा**
**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**
**(राज्यपाल सूचना परिसर)**
**———————**

## राज्यपाल से नैक मूल्यांकन में 'ए' ग्रेड प्राप्त डॉ0 ए0पी0जो0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति तथा नैक तैयारी के लिए गठित टीम के सदस्यों ने मुलाकात की

**———————**

## राज्यपाल ने विश्वविद्यालय को नैक ग्रेडिंग में 'ए ग्रेड' प्राप्त करने पर दी बधाई

**—————**

## राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की नैक टीम को प्रशस्ति–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया

**——————**

## शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में और काम करने की आवश्यकता है

**———————**

## विश्वविद्यालयों को अपनापन और उत्तरदायित्व की भावना से कार्य करना चाहिए

**–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

**———————**

लखनऊः 08 जुलाई, 2025

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज राजभवन में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) से 'ए ग्रेड' प्राप्त करने पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जे.पी. पांडेय तथा नैक की तैयारी हेतु विश्वविद्यालय की गठित टीम के सदस्यों ने मुलाकात की एवं आयोजित बैठक में प्रतिभाग कर अपने अनुभव साझा किये।

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने विश्वविद्यालय को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता टीम भावना, सतत प्रयास और प्रभावी दिशा–निर्देशों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सभी विश्वविद्यालयों को नैक मूल्यांकन में भाग लेना चाहिए।

राज्यपाल जी ने अपने शिक्षकीय अनुभव साझा किये एवं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की उच्च शिक्षा के प्रति प्रगतिशील सोच के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं तथा इन क्षेत्रों में और काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने गुजरात के आंगनबाड़ी मॉडल, चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की यात्रा और गुजरात के प्रवेशोत्सव जैसे नवाचारों की चर्चा करते हुए इन्हें उत्तर प्रदेश में भी अपनाने पर बल दिया।

कुलाधिपति जी ने बताया कि राजभवन में विश्वविद्यालयों की टीम के साथ नैक मूल्यांकन की तैयारियों को लेकर नियमित समीक्षा बैठकें, विविध कार्यशालाएं आदि आयोजित की गईं और इन बैठकों में प्रस्तुत सुझावों एवं फीडबैक के आधार पर योजनाबद्ध प्रयास किए गए, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश राज्य के कृषि विश्वविद्यालय और चिकित्सा विश्वविद्यालय भी नैक में उत्कृष्ट ग्रेड प्राप्त कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों को अपनापन और उत्तरदायित्व की भावना से कार्य करना चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय को एन0आई0आर0एफ0, क्यू0एस0 वर्ल्ड रैंकिंग आदि में स्थान प्राप्त करने के लिए ज्ञान का आदान–प्रदान करने, श्रेष्ठ गतिविधियों पर आधारित पुस्तकों के प्रकाशन और उन्हें अन्य संस्थानों से साझा करने के भी सुझाव दिये। इस क्रम में उन्होंने राजभवन द्वारा ‘‘राजभवन बैण्ड’’, आंगनबाड़ी व टी0बी0 उन्मूलन आदि विषयों से संबंधित प्रकाशित पुस्तकों का भी उल्लेख किया।

राज्यपाल जी ने निर्देश दिया कि नैक मूल्यांकन में जो कमियों पायी गयी, उनमें सुधार करें, छात्रों के साथ ज्ञान साझा करने की प्रक्रिया को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने विश्वविद्यालय की विभिन्न नवाचारात्मक गतिविधियों को दस्तावेजित कर अन्य संस्थानों से साझा किये जाने के भी निर्देश दिये।

बैठक में विश्वविद्यालय की टीम ने नैक तैयारी के दौरान अपने व पारिवारिक अनुभवों को साझा किया तथा तैयारी के दौरान आयी समस्याओं के बारे में भी बताया। उन्होंने नैक ग्रेडिंग में सफलता हेतु कुलाधिपति महोदया की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन को आधार बताया। उन्होंने राज्यपाल जी के निरंतर मार्गदर्शन, प्रेरणा एवं सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय की नैक टीम को प्रशस्ति–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव डॉ. सुधीर महादेव बोबड़े, विशेष कार्याधिकारी (शिक्षा) डॉ. पंकज एल0 जानी, विश्वविद्यालय के कुलपति व विश्वविद्यालय की नैक हेतु गठित टीम, अन्य वरिष्ठ अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

——————

सम्पर्क सूत्र
दिलशाद–सूचना अधिकारी/राजभवन
9696185895


















राजभवन उत्तर प्रदेश